दिन– शुक्रवार दिनांक– 29/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रही हैं। दरभंगा में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत तेरह सौ करोड़ रूपये का ऋण वितरित करेंगी।

02. सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार– प्रदेश में आबादी के अनुपात में डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मियों की पचास प्रतिशत से अधिक की है कमी।

03. एनआईए ने मानव तस्करी के मामले में बिहार के गोपालगंज और मुजफ्फरपुर समेत छह राज्यों में बाईस जगहों पर छापेमारी की।

04. और, प्रदेश के एक हजार चार सौ उनतालीस पैक्स में आज तीसरे चरण के तहत शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी।

———————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन दो दिवसीय दौरे पर आज बिहार आ रही हैं। वे पटना, दरभंगा और मधुबनी में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी। वित्त मंत्री आज दरभंगा के राज मैदान में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत ऋण वितरण समारोह में भाग लेंगी। इस दौरान वे पैंतालीस हजार लाभुकों के बीच तेरह सौ करोड़ रुपये का ऋण वितरित करेंगी। दरभंगा की एलडीएम रेणु सिन्हा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

———बाइट———

दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम से पहले श्रीमती सीतारामन पटना में पूर्वी क्षेत्र के आठ ग्रामीण बैंकों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री का कल मधुबनी के झंझारपुर स्टेडियम में आयोजित ऋण वितरण शिविर में भाग लेने का भी कार्यक्रम है।

———————————————————————

लोकसभा ने वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल वर्ष दो हजार पच्चीस के बजट सत्र तक के लिए बढ़ा दिया है। समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदम्बिका पाल के प्रस्ताव को सदन ने ध्वनि–मत से पारित कर दिया।

———————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने मानव तस्करी के मामले में बिहार समेत छह राज्यों में बाईस जगहों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालगंज में

छह स्थानों पर छापे मारे गये हैं और एक टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी के ठिकाने से पैंतीस लाख रूपये बरामद किये गये। मुजफ्फरपुर के करजा थाना क्षेत्र के चमरूआ गांव में भी छापेमारी हुई है। जिन आरोपियों के ठिकाने पर छापेमारी हुई है वे कम्बोडिया स्थित भारतीय एजेंटों के सहयोगी या रिश्तेदार हैं। इन पर दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों में भारतीय युवाओं की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। जांच एजेंसी ने गोपालगंज में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की है। हालांकि बाद में दोनों को छोड़ दिया गया। वहीं, मुजफ्फरपुर में छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी ने कई मोबाईल, पास बुक और अन्य आपत्तिजनक सामान भी बरामद किये हैं।

———————————————————————

बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र का आज अंतिम दिन है। आज दोनों सदनों में कई गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा होगी। कई विभागों के प्रश्न का सरकार की ओर से उत्तर भी दिया जायेगा।

———————————————————————

प्रदेश में आबादी के अनुपात में डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मियों की पचास प्रतिशत से अधिक कमी है। विधानसभा में पेश भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चिकित्सकों की तिरेपन प्रतिशत कमी है। डब्ल्यूएचओ की अनुशंसा के अनुसार राज्य में एक लाख चौबीस हजार नौ सौ उन्नीस चिकित्सकों की आवश्यकता है लेकिन केवल अंठावन हजार एक सौ चौवालीस चिकित्सक ही उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं पर सीएजी ने प्रतिकूल टिप्पणियां की हैं।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पटना में अगले वर्ष पन्द्रह अगस्त तक मेट्रो रेल का परिचालन शुरू करने का लक्ष्य है। विधानसभा में विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुये श्री चौधरी ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना पर चार सौ करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सहरसा स्थित मत्स्यगंधा झील पर बिहार का दूसरा ग्लास ब्रिज बनेगा। श्री चौधरी ने कहा कि इस झील के विकास पर लगभग अंठानवे करोड़ रूपये खर्च होंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कैमूर जिले के करमचक में ईको–टूरिज्म एडवेंचर हब विकसित किया जायेगा, जिस पर उनचास करोड़ रूपये से अधिक की लागत आयेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि बाढ़ की विभीषिका को कम करने के लिए नदियों से गाद निकाली जायेगी। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विधान परिषद में

एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में कहा कि नदियों से निकाली गयी गाद को बेचने की योजना है। उन्होंने कहा कि मॉडल प्रोजेक्ट के तौर पर बांका के चांदन डैम से गाद निकालकर उसके व्यावसायिक उपयोग की अनुमति दी जायेगी। इससे सरकार को राजस्व के रूप में उनचास करोड़ रूपये भी मिलेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि यदि यह प्रयोग सफल रहा तो अन्य नदियों से भी गाद निकालने का काम होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कोसी नदी में आयी बाढ़ के दौरान भीमनगर बराज के ऊपर से पानी का बहाव होने लगा था। श्री चौधरी ने कहा कि बराज की जांच के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा गया है।

---बाईट---

---

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में विभिन्न पदों पर हुई नियुक्तियों में अनियमितता और धांधली के आरोपों की जांच होगी। विधान परिषद में कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियुक्तियों में गड़बड़ी और आउटसोर्सिंग एजेंसियों का मनमाने तरीके से चयन मामले की जांच कराने के लिए राज्यपाल सचिवालय से अनुरोध किया गया है।

---

प्रदेश के एक हजार चार सौ उनतालीस प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति, पैक्स में आज तीसरे चरण के तहत शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। इस चरण के तहत अड़तीस जिले के एक सौ बत्तीस प्रखंडों में मतदान हो रहा है। उनतीस लाख सोलह हजार दो सौ पैंतीस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन प्राधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीसरे चरण में एक सौ सत्तर पैक्स में निर्विरोध प्रबंधन कार्यकारिणी का गठन हो गया है। वहीं, तेरह पैक्स में कोरम पूरा नहीं होने के चलते मतदान स्थगित कर दिया गया।

---

प्रदेश के तापमान में उतार–चढाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। राज्य का औसत अधिकतम तापमान छब्बीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, औसत न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार राज्य के तापमान में धीरे–धीरे गिरावट आने की सम्भावना है। इधर, घने कोहरे के कारण पटना और दरभंगा में हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। अन्य स्थानों पर सड़क और रेल यातायात के प्रभावित होने की खबर है।

---

प्रदेश में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बिहारशरीफ की हवा सबसे खराब रही। यहां का एक्यूआई तीन सौ सत्रह दर्ज किया गया। वहीं, हाजीपुर का एक्यूआई तीन सौ, मुंगेर का दो सौ तिरानवे और भागलपुर का एक्यूआई दो सौ तिरासी दर्ज किया गया। राजधानी पटना का वायु गुणवत्ता सूचकांक दो सौ उनतालीस रहा।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने बत्तीसवीं बिहार न्यायिक सेवा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में एक सौ तिरेपन अभ्यर्थी अंतिम रूप से चयनित हुये हैं। मेधा सूची में हर्षिता सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर सुकृति अग्रवाल और तीसरे स्थान पर सुप्रिया गुप्ता हैं। परीक्षा में कुल पचहत्तर महिला अभ्यर्थियों को सफलता मिली है।

————————————————————————

अरवल सदर थाना क्षेत्र के प्रसादी इंग्लिश गांव के पास बारातियों से भरी एक कार सोन नहर में गिर गयी। इस हादसे में कार सवार दम्पति, उनकी बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि ये सभी एक शादी समारोह में पटना के दानापुर जा रहे थे तभी कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गयी। इधर, सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र के बघैली और राघोपुर थाना क्षेत्र के रामविशनपुर में हुये सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गयी।

————————————————————————

बेगूसराय के सिमरिया स्थित राजेन्द्र सेतु पर स्पैन संख्या– पांच पर ढलाई कार्य के कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। पूर्व मध्य रेलवे ने इस संबंध में सूचना जारी कर कहा है कि लोग इस अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। इस दौरान एंबुलेंस समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं को छूट दी जाएगी।

————————————————————————

दानापुर से पुणे के बीच बारह दिसम्बर तक प्रत्येक दिन स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। यह ट्रेन दानापुर से सुबह छह बजकर तीस मिनट पर पुणे के लिए रवाना होगी। वहीं, वापसी में यह ट्रेन पुणे से प्रतिदिन रात सात बजकर पचपन मिनट पर दानापुर के लिए प्रस्थान करेगी।

————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आज से चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले की शुरूआत हो रही है। मेले में कृषि यंत्रों से संबंधित सौ अधिक स्टॉल लगाये जायेंगे।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने दरभंगा के जिला शिक्षा पदाधिकारी समर बहादुर सिंह और डीपीओ रवि कुमार को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के निदेशक सुबोध कुमार ने आदेश जारी किया है।

———————————————————————

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नयाटोला में अपराधियों ने एक जमीन कारोबारी की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने भूमि विवाद को हत्या का कारण बताया है।

———————————————————————

भोजपुर जिले की एक अदालत ने हत्या में मामले में दो दोषियों को आजीवन सश्रम करावास सजा सुनाई है। दोषियों पर साठ हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– महाराष्ट्र के सीएम का नाम तय जल्द होगा ऐलान।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– हेमंत सोरेन ने ली चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ।

दैनिक भास्कर लिखता है– पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव मार्च में होगा, फरवरी में शेड्यूल।

प्रभात खबर ने लिखा है– निर्मला सीतारामन आज पटना में करेंगी, आठ ग्रामीण बैंकों की समीक्षा।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– सीमा से पीछे हटने के करार पर बढ़ रहे भारत–चीन।

आज अखबार लिखता है– पन्द्रह अगस्त से शुरू होगा पटना मेट्रो।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रही हैं। दरभंगा में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत तेरह सौ करोड़ रूपये का ऋण वितरित करेंगी।

02. सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार– प्रदेश में आबादी के अनुपात में डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मियों की पचास प्रतिशत से अधिक की है कमी।

03. एनआईए ने मानव तस्करी के मामले में बिहार के गोपालगंज और मुजफ्फरपुर समेत छह राज्यों में बाईस जगहों पर छापेमारी की।

04. और, प्रदेश के एक हजार चार सौ उनतालीस पैक्स में आज तीसरे चरण के तहत शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।